## औद्योगिक नगरी में रावण दहन देखने हजारों की उमड़ी भीड़, सुरक्षा के रहे व्यापक इंतजाम

# कैमोर में 101 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन, माधवनगर में हर्षोल्लास से मनाया गया दशहरा पर्व, निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

औद्योगिक नगरी कैमोर में विजयदशमी पर धूमधाम के साथ मनाया गया। एसीसी रामलीला मैदान में 101 फीट रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। पुतले का दहन देखने हजारों लोगों का हुजूम रहा। रावण दहन के पूर्व सर्वप्रथम एसीसी कैमोर के चीफ प्लांट हैड अतुल दत्ता विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने भगवान श्री राम व रावण महाराज का विधिवत पूजन किया। इसके बाद रावण दहन का कार्यक्रम शुरू हुआ। रावण दहन का कार्यक्रम रंग बिरंगी व गगनभेदी आतिशबाजी के साथ हुआ जिसका नजारा देख लोग काफी आनंदित भी हुए। धमाकेदार आतिशबाजी का दौर थमते ही भगवान श्री राम के धनुष से तीर निकला। रामलीला मंच से छूटने वाला तीर धीरे-धीरे रावण पुतले की ओर बढ़ता रहा और लोगों का उत्साह भी बढ़ता जा रहा था जैसे ही रावण की नाभि में तीर लगा वैसे ही इस विशाल रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। रामलीला मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम देखने कैमोर से ही नहीं बल्कि



कटनी एवं आसपास के क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में लोगों का हुजूम मैदान पर जमा था। इतनी ज्यादा भीड़ की सुरक्षा करना किसी चुनौती से कम नहीं थी सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस बल काफी संख्या में तैनात किया गया था इसके अलावा एसीसी का सुरक्षा विभाग सहित एसीसी के तमाम अधिकारी इस व्यवस्था में लगे रहे। रावण पुतले के चारों ओर



जालीदार फेसिंग की व्यवस्था भी की गई थी। मैदान में उपस्थित इतनी ज्यादा भीड़ की निगरानी कैमरो के माध्यम से भी की जा रही थी। रावण दहन के कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर परिषद का काफी सहयोग रहा।

### माधवनगर में निकला चल समारोह

उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में रामलीला एवं दशहरा उत्सव कमेटी के तत्वावधान में दशहरा चल समारोह का आयोजन किया गया जिसमे माधवनगर व आसपास के ग्रामीण अंचल क्षेत्रों की लगभग दो दर्जन से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई। जुलूस बैण्ड बाजों की धुनों के साथ आगे बढ़ता हुआ माधवनगर के समस्त जुलूस मार्गों से होते हुए पीडब्ल्यूडी कॉलोनी माधवनगर पानी टंकी के पास पहुंचकर समाप्त हुआ। जहां श्रद्धा के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जुलूस में सबसे आगे माधवनगर दशहरे के जनक स्व. परचाराम जी का तैल चित्र था। उसके पीछे रावण महाराज तथा बाद में मां जगदंबे की प्रतिमाएं चल रही थी। जुलूस में शामिल युवाओं के समूह नृत्य करते हुए चल रहे थ। डीजे की धुनों पर थिरकते युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इसके पहले श्री दशहरा एवं रामलीला उत्सव कमेटी माधवनगर के तत्वावधान मैदान स्थित मंच पर किया गया। इस में समारोह का आयोजन रामलीला अवसर पर अतिथियों और जनप्रतिनिधियों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की आरती उतारकर पूजा अर्चना की। श्री रामलीला एवं दशहरा उत्सव कमेटी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक संचार क्रांति के इस युग में भी रामलीला एवं रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन अनुकरणीय है। विजयादशमी का पर्व असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व है। हमे अपने अंदर की बुराईयों को दूर करते हुए मर्यादा पुरुषोम भगवान श्री राम के बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, वरिष्ठ समाजसेवी गंगाराम कटारिया, झम्मटमल थारवानी चमनलाल आनंद, पीताम्बर टोपनानी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, राजा जगवानी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### तालाब में डूबने से दो मासूम बालकों की मौत

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भरतपुर में दशहरे के दिन एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को शोकाकुल कर दिया। यहां स्थित बाराती तालाब में मामा के घर आए दो मासूम सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल है। जानकारी के अनुसार, छोटे बरेहटा निवासी सुशील पटेल का 8 वर्षीय पुत्र शिवांश और 10 वर्षीय पुत्र वेदांत अपने मामा के घर दशहरा मनाने भरतपुर आए थे। दोनों मासूम खेल-खेल में गांव के बाराती तालाब में नहाने चले गए, जहां डूबने से उनकी दर्दनाक मौत हो गई।।हादसे में दोनों सगे भाइयों के एक साथ मौत की खबर से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांवभर में माहौल गमगीन हो गया। दशहरे की खुशियां मातम में बदल गईं और हर किसी की आंखें नम हो गईं।।घटना की जानकारी मिलते ही रीठी पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रीठी शासकीय अस्पताल भेजा है। आगे की जांच की जा रही है।

### जवारे विसर्जन में कांटों के झूले में झूले पंडा



**सिलौंडी।** सिलौंडी के प्रसिद्ध देवी मंदिर मां वीरासन में ज्वारे और मां काली की प्रतिमा के विसर्जन को देखने पूरे जिले से भक्तो की भीड़ उमड़। हर साल की तरह इस साल भी मां वीरासन देवी के पंडा सौरभ दुबे ने कांटों के झूले में बैठकर मां की आरती की । पूरे विधि विधान से मां वीरासन देवी का पूजन अर्चन कर ज्वारे और मां काली की प्रतिमा स्थापित का विसर्जन हुआ। मां वीरासन देवी मंदिर के पंडा सौरभ दुबे के दादा श्री श्याम सुंदर दुबे उम्र 83 वर्ष ने 60 सालों तक मां वीरासन की दिन रात सेवा की । अब उनका पोता सौरभ दुबे उम्र 23 साल पिछले 5 सालों से लगातार मां वीरासन देवी की सेवा में लगा है। मां वीरासन देवी के ज्वारे देखने बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए ।

### शुष्क दिवस पर खिड़की से बिकती रही शराब



**बरही।** तहसील अंतर्गत खितौली में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब दुकान 2 अक्टूबर गांधी जयंती व दशहरा पर्व में कलेक्टर के निर्देशन पर बंद करने का आदेश दिया गया था जो महज दिखावा साबित हुआ। दिखावे के लिए शराब दुकान का शटर बंद किया गया और बाजू की छोटी खिड़की से शराब बिक्री चल रही थी। लोगों ने यह नजारा रोड से देख रहे थे। दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस चल रहा था। ग्रामीणों का कहना है शराब ठेकेदार के गुर्गे शराब बेचने में मस्त थे। कलेक्टर के आदेश की धज्जियां उड़ाई गई।

### जिले भर में गांव गांव ग्राम सभाएं आयोजित

**कटनी।** ग्राम पंचायतों के मुख्यालय पर चरणबद्ध रूप से गांव-गांव ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ग्राम सभाओं के प्रथम चरण में स्थानीय जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उत्साह जनक भागीदारी रही। आयोजित ग्राम सभाओं में ग्रामीण स्व-शासन को मजबूत करने ग्रामीण विकास के अहम मुद्दों पर चर्चा एवं निर्णय लिए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की गई। ग्राम सभा सदस्यों ने वन, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत एजेंडा और स्थानीय विषयों पर चर्चा कर जरूरी निर्णय लिए। सामाजिक न्याय विभाग के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान पर चर्चा करते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं और युवाओं की शक्ति का समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसलिए युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़े। ग्राम सभाओं में मूर्ति विसर्जन के समय जैविक एवं अजैविक सामग्री को अलग-अलग करना एवं जलीय संरचनाओं में सीधे प्रवाहित नहीं करने,महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत एचआईवी/ एड्स के संबंध में परामर्श, जांच सेवा की जानकारी दी

## कैमोर एवं बड़वारा क्षेत्र में सड़क हादसे में वृद्ध सहित महिला की थम गई सांसें

*हादसे में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में किया गया है भर्ती*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कैमोर एवं बड़वारा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में दो महिला सहित एक वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कैमोर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब 4 बजे दो बाइक आमने-सामने भिड़ गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनका बेटा घायल है। हादसा बंधी पेट्रोल पंप के पास हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस को बुलाया। घायलों को इलाज के लिए कटनी जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने नत्थू सिंह परिहार (66 वर्ष) निवासी जमुनिया कलां को मृत घोषित कर दिया, वहीं उनके साथ बाइक पर सवार उनके पुत्र वीरेंद्र सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज जिला अस्पताल में जारी है।

पुलिस के अनुसार नत्थू सिंह परिहार अपने पुत्र वीरेंद्र सिंह के साथ अपनी बाइक से सलैया बैंक जा रहे थे। बंधी पेट्रोल पंप के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दूसरी बाइक का चालक भी गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज बदेरा शासकीय अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

इसी तरह बड़वारा थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। विलायत कला-स्लीमनाबाद मार्ग पर बिजौरी ग्राम के पास वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान चंदन कोल (35) के रूप में हुई है, जो ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के महुदा ग्राम निवासी हरिलाल कोल का बेटे था। वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते था। मृतक विलायत कला ग्राम में अपना मोबाइल फोन बनवाना गया था। काम खत्म होने के बाद, वह गुरुवार शाम करीब 8 बजे अपनी बाइक से घर लौट रहा था। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। इसी दौरान, बिजौरी गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल चंदन कोल को तुरंत निजी साधन से बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने चंदन की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बड़वारा पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बकरे बकरियों का अवैध परिवहन पर ट्रक किया जब्त



कोतवाली पुलिस ने एक ट्रक से लगभग 140 बकरे-बकरियां जब्त की हैं। इन जानवरों को अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था और वध के लिए नागपुर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने ट्रक चालक और क्लीनर को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। कोतवाली थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। बस स्टैंड चौकी क्षेत्र के अंतर्गत कैलवारा खुर्द पंचायत भवन मार्ग के पास से गुजर रहे एक संदिग्ध ट्रक को पुलिस ने रोका। तलाशी के दौरान, ट्रक के पिछले हिस्से में लगभग 140 बकरे-बकरियों को क्रूरतापूर्वक एक के ऊपर एक और अगल-बगल सटाकर भरा पाया गया। जानवरों को भूसे की तरह ठूंस दिया गया था। पुलिस ने तत्काल ट्रक को जब्त कर लिया और चालक और क्लीनर को हिरासत में लेकर वाहन को कोतवाली थाने ले आई। जब्त किए गए सभी जानवरों को एक खुले मैदान में सुरक्षित स्थान पर रखा गया है, जहां उनकी देखभाल सुनिश्चित की जा रही है।

## राज्यमंत्री ने पुलिस लाइन में किया शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

प्रदेश के संस्कृति पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व पर झिंझरी स्थित पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन किया। असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक पर्व दशहरा पर विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, कलेक्टर आशीष तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने शक्ति, साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का विधि-विधान और शास्त्रोक्त मंत्रोच्चार के बीच,हवन अनुष्ठान कर शस्त्र - पूजन किया। राज्य मंत्री श्री लोधी ने कहा कि दशहरा पर्व पर शस्त्र-पूजन की सनातन परंपरा रही है । उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं। जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, एस डी एम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, तहसीलदार आशीष अग्रवाल सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। दशहरा पर्व पर भारत की सदियों प्राचीन शस्त्र-पूजन की परंपरा रही है। जिसके तहत दशहरा विजयादशमी पर्व पर पुलिस शस्त्रागार सहित जिले के थानों में भी पूरी भव्यता के साथ शस्त्र-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विजयादशमी पर शस्त्र-पूजन का महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व है, जो हिंदू सनातन परंपरा से जुड़ा हुआ है। यह व्यक्ति को उसके कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और अधर्म के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है।



## कल्याणकारी योजनाओं, प्राकृतिक खेती, महिला सभा को मजबूत बनाने आदि विषयों पर हुई चर्चा

*ग्रामों में आयोजित ग्राम सभाओं में पहुंचे अधिकारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में 2 अक्टूबर को तय एजेंडा के मुताबिक पंचायतों में ग्राम सभाओं का हुआ व्यापक आयोजन। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अधिकारी ग्राम सभाओं में पहुंचे।दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के ग्राम सभा मे पशुपालन को लाभ का व्यवसाय बनाने हेतु सभी को जागरूक किया गया।

राज्य शासन द्वारा जारी ग्राम सभा के एजेंडा के अनुसार वन विभाग द्वारा 5 वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुकी वन समितियों के पुनर्गठन पर चर्चा की गई ।इसी प्रकार खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की सामाजिक संपरीक्षा पर बात हुई।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पंचायत में ओएसआर सृजन बढ़ाने, अटल ई-सेवा केन्द्र और ई-कोर्ट की स्थापना, सिकल सेल एनीमिया, शमशान स्थलों के विकास, पंचायतों में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे पीएम कुसुम, पीएम सूर्य घर) को बढ़ावा देने, जीपीडीपी तैयारी हेतु जीपीपीएफटी और वार्ड स्तरीय पीएफटी के गठन, महिला सभा को मजबूत बनाना, पीएआई स्कोर में सुधार और राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर भी ग्राम सभा में बात हुई। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा के अंतर्गत एक बगिया मां के नाम, गंगोत्री हरित परियोजना, मां नर्मदा आश्रय स्थल पर पौधा रोपण, महिला श्रमिकों की भागीदारी बढ़ाने और जल गंगा संवर्धन अभियान एवं अमृत सरोवर 2.0 पर ग्रामीणों से संवाद हुआ। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम समृद्धि का प्रस्तुतिकरण, प्राकृतिक खेती, लखपति दीदी की सूची का वाचन और लोक अधिकार केंद्र पर चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से उपलब्ध 12 प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं, पैथोलॉजिकल जांच, औषधियों की उपलब्धता, जन आरोग्य समिति, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति और एच.आई.व्ही,एड्स से बचाव पर चर्चा की गई।

## स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के समापन पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र से किया गया सम्मानित, हुआ पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर पालिका निगम कटनी द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन समारोह गुरूवार को उत्साह और गरिमापूर्ण माहोल के साथ कटाए घाट सुरम्य पार्क में आयोजित किया गया। पखवाड़े के समापन के अवसर पर सामूहिक श्रमदान कर पार्क परिसर की साफ सफाई की गई एवं पौधारोपण किया जाकर इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों का माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार, जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, गोविंद चावला, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, पीतांबर टोपनानी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, वंदना यादव, सहित निगम के कर्मचारी मौजूद रहे।



सेवा पखवाड़ा के समापन अवसर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के तहत सर्वप्रथम पार्क परिसर में सामूहिक श्रमदान कर पार्क में फैले कचरे को एकत्रित किया जाकर पार्क में मौजूद नागरिकों से खाद्य सामग्री उपयोग के पश्चात शेष अवशिष्ट डस्टबीन में ही डालकर पार्क को साफ एवं स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया।

कार्यक्रम के अगले चरण में जनप्रतिनिधियों द्वारा पार्क में विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार और फूलदार पौधों का रोपण कर नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम लगाने का आग्रह किया गया। इस दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमाध्यक्ष मनीष पाठक ने कोनोकार्पस पौधा रोपा, निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने हर्मिलिया के पौधे का रोपण किया। इसी तरह पार्षद, नागरिकों एवं कर्मचारियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधा का रोपण कर नगर को हरा भरा रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में निगम के उन सफाई मित्रों, ब्रांड एम्बेस्डर्स एवं स्कूल के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने पूरे पखवाड़े में निष्ठा से कार्य कर अभियान को सफल बनाया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनके योगदान की सराहना की और नागरिकों से भी स्वच्छता को आदत बनाने का आह्वान करते हुए शहरवासियों को स्वच्छता के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का संदेश देते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान 12 स्वच्छता मित्रों सहित नगर के स्वच्छता के तीन ब्रांड एंबेसडर एवं निगम के तीनों स्कूल के प्रतिनिधियों को इस अभियान में महत्वपूर्ण सहभागिता हेतु प्रमाण पत्र प्रदान कर पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## शस्त्र केवल युद्ध का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन ओर मर्यादा के है प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

विधायक प्रणय पांडेय ने विजयादशमी के पावन पर्व पर गुरुवार को स्लीमनाबाद थाना में आयोजित भव्य शस्त्र पूजन कार्यक्रम में परम्परागत शौर्य परम्परा का निर्वहन करते हुए हिस्सा लिया। इस अवसर पर विधायक ने शक्ति, साहस और विजय के प्रतीक के रूप में शस्त्रों का विधि-विधान और शास्त्रोक्त मंत्रोच्चार के बीच,हवन अनुष्ठान कर शस्त्र -पूजन किया। विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विजयादशमी केवल बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व ही नहीं, बल्कि यह शौर्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देने वाला उत्सव है। शस्त्र केवल युद्ध का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन और मर्यादा के प्रतीक भी हैं। हमारी पुलिस और सुरक्षा बल इन्हीं शस्त्रों के माध्यम से समाज की रक्षा का



संकल्प लेते हैं। इस परंपरा का संरक्षण करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने शस्त्र पूजन की परंपरा को और व्यापक रूप में मनाने के लिए नई सोच और नए संकल्प के साथ इसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि शस्त्र और सैनिक एक दूसरे के पर्याय है। भारतीय परम्परा में शिव और शक्ति को एक ही माना गया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा कि शस्त्र पूजन की परंपरा पुलिस बल में उत्साह और कर्तव्यनिष्ठा का संचार करती है। विजयादशमी का यह पर्व पुलिस बल को शौर्य, पराक्रम और सेवा भाव के साथ जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तैयार रहने की प्रेरणा देता है! इस दौरान थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, रतन गुप्ता, चंद्रशेखर अग्रहरी, रवि दुबे, सुनील गुप्ता सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी - कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ 'सिंदूर खेला' में हिस्सा लिया

**कटनी।** कटनी की बंगाली मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा समारोह का विजयदशमी के अवसर पर भक्तिमय समापन हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ 'सिंदूर खेला' में हिस्सा लिया। महिलाओं ने परंपरागत रूप से एक-दूसरे को सिंदूर लगाया और अपने पति की लंबी उम्र व सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। दोपहर में गाजे-बाजे के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मां दुर्गा की प्रतिमा को श्रद्धा और उल्लास के साथ नहर की ओर ले जाया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जो भक्ति भजनों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमते नजर आए। शोभायात्रा के अंत में पश्चिमी यमुना नहर पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां को अगले वर्ष पुनः आने का निमंत्रण दिया। मां दुर्गा पूजा समिति के एक पदाधिकारी ने बताया कि यह आयोजन हर साल हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत करता है। सिंदूर खेला और शोभायात्रा के माध्यम से हम मां दुर्गा की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। आयोजन के दौरान सुरक्षा के लिए स्थानीय प्रशासन ने पुलिस बल तैनात किया और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष इंतजाम किए।

### तेंदुए के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ क्षेत्र के जिवारा, नडेरी और गोइंद्रा गांवों में तेंदुए का आतंक गहराता जा रहा है। तेंदुआ आसपास के जंगल में घूमता दिखाई देता था, लेकिन अब वह गांवों के भीतर घुसकर पालतू मवेशियों को निशाना बना रहा है। बीते पंद्रह दिनों में ही तेंदुआ तीन गायों का शिकार कर चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह-शाम खेत और काम पर निकलना अब खतरे से खाली नहीं है। लोग आशंका जताते हैं कि कहीं तेंदुआ किसी इंसान पर हमला न कर दे। बच्चों और महिलाओं को घर से बाहर निकालना मुश्किल हो गया है। इस गंभीर स्थिति की जानकारी वन विभाग को कई बार दी गई, लेकिन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी संसाधनों व जनशक्ति की कमी का हवाला देकर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग तब तक इंतजार कर रहा है, जब तक कोई बड़ी अनहोनी न हो जाए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सुरक्षा के इंतजाम करने तथा तेंदुए को पकड़ने की कार्रवाई करने की मांग की है।

### जिला पंचायत की नवागत सीईओ ने किया पदभार ग्रहण



**कटनी।** जिला पंचायत की नवागत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर (IAS ,2018 ) ने शुक्रवार, 3 अक्टूबर को पूर्वान्ह में जिला पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर को प्रभार सौंपा। उल्लेखनीय है कि अभी हाल में ही 27 सितंबर 2025 को राज्य शासन द्वारा सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर का स्थानांतरण अपर मिशन संचालक, राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कटनी के पद पर किया गया है। अवगत होवे कि सुश्री कौर, मध्यप्रदेश कैडर की वर्ष 2018 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) की अधिकारी हैं। इसके पूर्व 15 सितंबर 2025 को राज्य शासन द्वारा जिला पंचायत कटनी के तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत (IAS,2018) का स्थानांतरण अपर आयुक्त,नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल किया गया था। गौरतलब है कि कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा 22 सितंबर को नगर पालिक निगम कटनी की आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार निगमायुक्त को, साथ साथ जिला पंचायत की सीईओ के पद का प्रभार सौंपा गया था तभी से सुश्री परिहार निगम आयुक्त के साथ जिपं सीईओ के दायित्वों का निर्वहन कर रही थीं।

## मृत्यु और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने समन्वय से कार्य करने की दी हिदायत

# लापरवाही पर सख्ती, थमाया शोकाज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले के मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास को आपसी समन्वय से योजनाबद्ध स्वरूप में कार्य करने की हिदायत दी है। कलेक्टर श्री तिवारी ने स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को तदाशय के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत की नवपदस्थ सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कुपोषित बच्चों की ही तरह गंभीर कुपोषित बच्चों की भी देखभाल सुनिश्चित हो ,ताकि संपर्क एप में पंजीयन हो और पोषण ट्रैकर के माध्यम से व्यवस्थित मानीटरिंग की जा सके। कलेक्टर श्री तिवारी ने दो टूक लहजे में ताकीद किया कि जिले के सभी पोषण पुनर्वास केन्द्रों में फुल बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित हो और यहां बच्चों का दाखिला कर बेहतर पोषण उपचार मिले । साथ ही यहां भर्ती बच्चों के पोषण स्तर में सुधार हेतु फॉलो-अप प्रोफाइल बनाकर नियमित निगरानी के भी निर्देश दिये ।

कलेक्टर श्री तिवारी ने महिला एवं बाल विकास और स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के दौरान किये गये कार्यों की सराहना की। जनांदोलन पोर्टल पर गतिविधियों की प्रविष्टि, आभा आई डी निर्माण एवं अपार आई डी निर्माण की समीक्षा कर प्रगति को संतोषजनक पाया गया एवं और अधिक प्रयास कर बेहतर प्रगति लाने निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि जिले के सभी परियोजना अधिकारी अपने परियोजना परिक्षेत्र के 20 आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों के वजन का सत्यापन कर अगली बैठक में तुलनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। साथ ही पोषण ट्रैकर पर चिन्हांकित सैम एवं मैम बच्चो का शत -प्रतिशत फ़ॉलो अप सुनिश्चित किया जाएँ।

कलेक्टर ने लाडली लक्ष्मी योजना में समस्त पात्र बालिकाओं एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के समस्त पात्र हितग्राहियों को योजनांतर्गत लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने लाडली लक्ष्मी की समस्त सी. एम. हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा समय -सीमा बैठक में करने की बात कही। कलेक्टर श्री तिवारी ने एकीकृत बाल विकास परियोजना रीठी की समस्त सूचकांकों, योजनाओं एवं सेवा पखवाड़ा में प्रगति संतोषजनक नहीं होने के कारण परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये ।

कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के संस्थागत प्रसव और नियमित जांच सहित बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य में व्यक्तिगत रूचि लेने की नसीहत दी। कलेक्टर श्री तिवारी ने अनमोल पोर्टल में गर्भवती महिलाओं की ए एन सी पंजीयन बढ़ाने और हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर, इनका नियमित फालोअप करने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बांडेड चिकित्सकों को कार्यस्थल पर नियमित उपस्थित होकर कार्य करने के निर्देश दिये गयें। टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत डीबीटी का भुगतान बड़वारा, रीठी में 55 प्रतिशत होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये स्टाफ के माध्यम से शत प्रतिशत कराये जाने के निर्देश दिये गये। आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड की शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल समीक्षा समय सीमा की बैठक में की जायेगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हार्ट सर्जरी कॉक्लियर इंप्लांट, सर्जरी चिन्हांकन कर ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाय।

कलेक्टर ने शहरी क्षेत्र में एएनसी पंजीयन कम पाये जाने पर नगर निगम से एवं प्रायवेट नर्सिंग होम क्लिनिकों में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का रिकार्ड लेकर पोर्टल में इंट्री कवाने की हिदायत दी। कलेक्टर ने सुक्खी बाई ग्राम लमतरा की मातृ मृत्यु की समीक्षा किये जाने पर महिला का हाईरिस्क चिन्हांकन एएनएम द्वारा नही किया गया। संबंधित एएनएम को कारण बताओं नोटिस जारी कर बीएमओ के अभिमत से आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाये।



# गांधी व शास्त्री भारत के स्वाभिमान के है प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सिर्फ आजादी ही नहीं दिलाई। उन्होंने समाज को सत्य और अहिंसा के संस्कार भी दिये। इसी तरह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री भारत के स्वाभिमान के प्रतीक हैं। उन्होंने सीख दी कि व्यक्ति का आचार, व्यवहार परिस्थितियों के अनुसार होना चाहिये। ये दोनों महापुरूष किसी देश के नहीं बल्कि समूची मानवता के आदर्श हैं, इसलिये कोई भी सभ्यता चाह कर भी उन्हें दरकिनार नहीं कर सकती। उक्ताशय के उद्गार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंडित प्रदीप त्रिपाठी ने गुरुवार को स्लीमनाबाद मैं महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इससे पूर्व कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया! इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी स्लीमनाबाद. के तत्वाधान में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी की जन्मजयंती मनाई गई व इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों को हार पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान जिला महामंत्री आदित्य दुबे, अनुराग मिश्रा, मंडलम अध्यक्ष राकेश साहू,अरविंद अग्रहरि,आकेश जैन, गुल्लू भाईजान, मणिमोहन गुप्ता, प्रेम सिंह, गुल्ला यादव, गेंदलाल आदिवासी, श्यामलाल खरे, शेखर यादव सहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# वैज्ञानिकों ने कृषि एवं स्वच्छता पर दी गई तकनीकी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




कृषि विज्ञान केन्द्र कटनी में 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया गया यह कार्यक्रम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉक्टर संजय वैशम्पायन के मार्ग निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ आर.के मिश्रा, डॉ शशि गौर, डॉ यति राज खरे, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ आर.पी बैन,डॉ के पी द्विवेदी डॉ संदीप चंद्रवंशी, प्रियंका धुर्वे ने कृषि एवं स्वक्छ्ता पर तकनीकी जानकारी दी। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ संजय वैशम्पायन ने कृषकों एवं कृषक महिलाओं को बताया कि यह भारत सरकार द्वारा की गई अनोखी पहल है जिसके अंतर्गत भारत देश को एक साफ एव स्वच्छ देश बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता का सीधा संबंध हमारे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। तभी कहा जाता है कि एक स्वच्छ शरीर में ही एक स्वस्थ दिमाग का निवास होता है। अतः कृषक अपने घर से लेकर अपने फसल अवशेषों का प्रबंधन सही प्रकार से करें तो हम स्वच्छता के साथ-साथ कृषि में भी जैविक प्रबंधन कर कृषि को प्राकृतिक खेती से जोड़ सकते हैं।

केन्द्र के प्रसार वैज्ञानिक डॉ आर पी बैन ने बताया कि किस तरह जल का प्रबंधन कर जल को दूषित होने से बचा सकते हैं व जल स्त्रोत में जलस्तर बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कृषक अपनी कृषि में रसायानों का कम उपयोग कर अपने दैनिक जीवन में जहरीले कृषि रसायनों से होने वाले दुष्प्रभावों से बच सकते है। साथ ही उन्होंने कृषकों को स्वच्छता हेतु शपथ दिलाई और कृषकों को अपने आस-पास व अपने गांव में स्वच्छता अभियान चलाने पर जोर दिया। इस मौके पर जिले के प्रगतिशील कृषक भी शामिल थे। कार्यक्रम में कुल 50 कृषकों ने भागीदारी की। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सफाई कर्मियों को भी सम्मानित किया गयाकेंद्र ने कृषकों और कृषक महिलाओं के साथ-साथ संस्थान के कर्मचारियों द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र (KVK) में 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान मनाया जाता है। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है।

#### अभियान के दौरान गतिविधियाँ

संस्थान के अधिकारी और कर्मचारी कृषकों को स्वच्छता की शपथ , जिसमें वे अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेते हैं। कृषकों को घर से लेकर खेत तक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया जाता है, ताकि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया पुरस्कृत



स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में विधायक प्रतिनिधि उदयराज सिंह और जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ तथा प्रभारी सीईओ अनुराग मोदी ने जनपद सदस्यों की मौजूदगी में अभियान के दौरान विशेष रूप से सहभागिता निभाने वाले स्वच्छाग्राहियों, सफाई मित्रों एवं विविध गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत की सीईओ एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश और सतत निगरानी में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा में राज्य शासन और जिला प्रशासन द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार प्रतिदिन जन भागीदारी, स्वच्छता सेवा और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों आदि विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत के सीईओ ने कहा कि स्वच्छता एवं वोकल फॉर लोकल, महज अभियान के दौरान नहीं बल्कि इन्हें आदत बनाकर मन से हर दिन अपनाना है और दूसरों को प्रेरित भी करना है। जनपद स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य, समस्त विभाग प्रमुख, स्वच्छ भारत अभियान की बीसी श्रद्धा पांडे, शिक्षक और विभिन्न शालाओं के लगभग 60 छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

# कृत्रिम कुंडों में प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर में नवरात्रि एवं विजयादशमी का दो दिवसीय पर्व चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित विसर्जन घाटों पर निर्मित कृत्रिम कुंडों पर पूर्ण विधि-विधान से किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

`महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्थ्या परिहार के निर्देशन में नवरात्रि पर्व पर दुर्गा प्रतिमा पंडाल, गरबा कार्यक्रम, रावण दहन, दशहरा चल समारोह एवं प्रतिमा विसर्जन जैसे आयोजनों में नगर निगम द्वारा पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की जाकर लगभग 140 से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई थी। प्रतिमा विसर्जन हेतु निर्धारित स्थलों पर अस्थायी कृत्रिम कुंडों का निर्माण निर्धारित समय पर कराते हुए नगर की बड़ी मूर्तियों का विसर्जन गाटर घाट में निर्मित कृत्रिम कुंड में तथा छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन नगर के अन्य चिन्हित कृत्रिम विसर्जन कुंडों में विधि - विधान से किया गया। इस दौरान घाटों, विसर्जन कुंडों एवं चल समारोह मार्ग की सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया। अतिरिक्त कर्मचारियों के माध्यम से समय समय पर विसर्जन कुंडों की सफाई कराई जाकर प्रतिमा विसर्जन हेतु शुद्ध जल भराव की व्यवस्था भी की गई थी। विसर्जन कुंडों पर क्रेन, स्टॉपर, सीमा निर्धारण, सुरक्षा बल, उद्घोषणा हेतु माईक, सीसीटीवी आदि की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ-साथ पूरे समारोह के दौरान बचाव दल, कुशल तैराक एवं गोताखोर भी सुरक्षा उपकरणों सहित मौजूद रहे।

**स्लीमनाबाद तहसील में दूसरे दिन भी निकला चल समारोह**

# नौ रातें, नौ दिन माई, दशम दिन विदाई विसर्जन मां चली, मां दुर्गा को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



नौ रात, नौ दिन माई, दशम दिन विदाई, विसर्जन की बेला आई इस बिरह गीत के साथ क्षेत्र में मां दुर्गा को विदाई दी गई। मातारानी को विदाई देने का सिलसिला शुक्रवार को भी देर शाम तक जारी रहा!विसर्जन जुलुस में मां के भक्त डीजे की धुन पर थिरकते चल रहे थे। जगह-जगह उन पर अबीर और गुलाल की बौछार हो रही थी। देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं को विसर्जित करने का क्रम चला। इसके पहले दशमी के दिन श्रद्धालुओं ने हवन, पूजन किया और आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की। जगह जगह कन्या पूजन,कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित हुए। शुक्रवार को स्लीमनाबाद मैं विराजित सभी दुर्गा प्रतिमाओ का चल समारोह निकला जिसका जगह जगह स्वागत हुआ।

#### देवी भजनों की प्रस्तुति

तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद मे दशहरे के अवसर पर सभी दुर्गा पंडालो मे विशाल देवी जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।जहां गायिकाओं के द्वारा देवी भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसे देखने बड़ी संख्या मैं जनसैलाब उमड़ा,जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

#### कलाकारों ने दिखाए करतब

चल समारोह में अखाड़ों के कलाकारों ने जगह-जगह करतब दिखाए। इस दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्ग कलाकारों ने अनेक स्थानों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। चल समारोह का नजारा देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी हुई थी। अनेक स्थानों पर लोगों का मजमा लगा हुआ था। लोग घरों की छतों पर खड़े होकर चल समारोह का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही चल समारोह गुजर रहा था, छतों से लोग पुष्पवर्षा कर रहे थे। आसपास से भी कई लोग इस चल समारोह को देखने के लिए पहुंचे थे। चल समारोह मे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी व थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन पुलिस बल के साथ सतत निरीक्षण करते रहे। बहोरीबंद, बाकल, तेवरी में चल समारोह आयोजित हुआ।

## बड़वारा क्षेत्र में श्रद्धा व जश्न के साथ मनाया गया दशहरा पर्व

# बड़वारा में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास से दुर्गा प्रतिमाओं का निकला चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा





बड़वारा सहित ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास व भक्ति भाव तथा भव्यता के साथ दशहरा पर्व मनाया गया।बड़वारा में समस्त देवी पंडालों में आकर्षक साज सज्जा कर मनमोहक झांकियां सजाई गईं जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में भव्यता का माहौल नजर आया।बड़वारा का दशहरा बड़वारा तहसील में प्रसिद्ध है।समस्त दुर्गोत्सव कमेटी के वालिंटियरों के द्वारा स्थानीय एवम बाहर से दशहरा में मां अम्बेरानी की प्रतिमाओं व कार्यकर्मों को देखने आने वाली जनता के स्वागत के लिए स्वागत द्वारों की विशेष तरीके से सजावट की गई थी। पूरी रात समस्त पंडालों में दर्शकों के मनोरंजन के लिए नृत्य,एवम संगीत के कार्यक्रम आयोजित किये गए। कहीं देवी भक्ति गीत कहीं नृत्यांगनाओं द्वारा शानदार प्रस्तुति पेस की गई। विगत पन्द्रह दिनों से किये जा रहे रामलीला के मंचन के अंतिम दिन रावण वध की रामलीला को देखने के लिए दर्शकों का जन सैलाब उमड़ा ।रावण के किरदार की कला को दर्शकों ने खूब सराहा। मंडल के महंत ने बताया कि महाराज रावण को वरदान प्राप्त था उनके नाभि में अमृत कुंड था जिसे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने बाण मारकर अमृत कुंड को सुखा दिया अंततः रावण का वध किया सम्पूर्ण राक्षसों का विनास कर जगत में धर्म एवं न्याय की स्थापना की। भगवान राम ने महाराज विभीषण को मुकुट पहनाकर लंकाधिपति बनाया।

बड़वारा में जगह जगह स्थापित आदि शक्ति मां भगवती की प्रतिमाओं को जलसे के साथ ग्राम में भ्रमण करवाया गया ततपश्चात माता रानी की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया जहां पर सभी ने अम्बे रानी को बड़े ही व्यथित मन से दुर्गा माता भूल न जाना अगले वर्ष फिर से आना कह कर विदाई दी। सुरक्षा व्यवस्था के मद्दे नजर बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने अपने हमराह स्टाफ के साथ सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवम जगह जगह पुलिस व नगर सेना के जवानों को तैनात किया जिससे शांति पूर्ण तरीके से दशहरा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

#### विद्युत विभाग रहा मुस्तैद

बड़वारा नगर में दशहरा पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में विद्युत प्रदाय निर्बाध रूप से उपलब्ध करवाने के लिए पूरी रात्रि विद्युत विभाग बड़वारा के जे. ई. स्वामी प्रसाद यादव के निर्देशन व मार्गदर्शन में बड़वारा विद्युत विभाग से हीरामणि साहू, सियाराम साहू, एवम हेमराज सिंह परमार,सौरभ दुबे, संजय मिश्रा, दीपक बर्मन,सुरेंद्र धाकड़ के द्वारा दशहरा के दिन पूरी रात्रि विद्युत व्यवस्था निर्बाध गति से सुचारू रखी गई जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नही होने पाई। कमेटी ने पुलिस विभाग एवम विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा दिये गए सहयोग के लिए बधाई प्रदान की है।

#### थाना में शस्त्र पूजा

बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल व स्टाफ के द्वारा बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में शस्त्र पूजन किया गया इस दौरान बड़वारा थाना का स्टाफ मौजूद रहा।



# महात्मा गांधी और लाल बहादुर की शास्त्री की मनाई गई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी

सिलौंडी में जय स्तंभ में वरिष्ठ 93 वर्षीय रजनीकांत राय ,जय नारायण राय, शंकर लाल राय, सतेंद्र राय के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्रीजी की जयंती मनाई गई। उनके विचारों को याद किया गया इस दौरान अनिल राय, बबलू राय, राजनारायण राय, अन्नू राय, मनीष दहिया, शरद राय की उपस्थित रहे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सिलौंडी में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय,सरपंच पंचों बाई ,पंच राजा राय,पंच फूला बाई ,पंच अंजू संतोष वंशकार ,सचिव देवराज धनगर ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पुष्प और तिलक वंदन कर उनके विचारों को याद किया गया। ग्राम सभा में जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय ने सभी ग्राम वासी की सहमित से सिलौंडी मुख्य बस स्टैंड का अतिक्रमण हटाकर यात्रियों को बैठने और प्रसाधन की व्यवस्था बनाने का प्रस्ताव स्वीकृत कराया और एक पत्र कटनी जिला कलेक्टर को देने अतिक्रमण हटाने भेज ।यदि एक माह तक अतिक्रमण हटाने की कोई करवाई नही हुई तो समस्त ग्राम वासी सिलौंडी में चाका जाम का निर्णय लिया ।

# भक्तिभाव के साथ नम आंखों से दी मातारानी को विदाई

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान भव्य शोभा यात्रा निकाली गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया





दशहरा का महापर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। मां दुर्गा विसर्जन का सिलसिला दोपहर से शुरू हुआ जो मध्य रात्रि तक चलता रहा। भक्तों ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी। सार्वजनिक पंडालों में एवं माता रानी के मंदिरों में हवन पूजन अनुष्ठान के बाद कन्या भोज प्रसादी और भंडारा का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन पहली बार नगर परिषद के द्वारा क्रेन के माध्यम से किया गया। विसर्जन के पूर्व गाजे बाजे डीजे के साथ माता रानी की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। लोगों द्वारा जगह-जगह स्वागत कर पुष्प वर्षा की। सड़कों पर फूलों की चादर बिछी नजर आई। नगर की समस्त देवी प्रतिमाएं पुलिस थाना प्रांगण में पहुंची जहां पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने प्रत्येक दुर्गा प्रतिमाओं की पूजा कर भेंट में श्रीफल आदि भेंट किए। इसके बाद देवी प्रतिमाओं को क्रमबद्ध चलने के लिए नंबर की प्लेट लगवाई। यहीं से भव्य चल समारोह का शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा का मुस्लिम समाज के द्वारा बस स्टैंड पर जोरदार स्वागत किया गया। जुलूस बस स्टैंड, सोमवारा मोहल्ला, टिकुरिया मोहल्ला, पटेरा नाका, ठाकरास, खइया, खिरका वार्ड, मुकरबा मंदिर से होता हुआ राजगढ़ी मैदान पर पहुंचा, जहां पर क्रमबद्ध तरीके से देवी प्रतिमाओं को दर्शन के लिए रखा गया। यहां पर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। यात्रा में गूंजते भजनों पर युवा भक्त थिरकते , झूमते, नृत्य करते नजर आ रहे थे। चारों ओर देवी माता के जयकारे गूंज रहे थे। जिससे भक्तिमय माहौल बना हुआ था। दर्शनों के बाद बड़े तालाब पर विशेष पूजा आरती के बाद देवी प्रतिमाओं को क्रेन में लगी पालकी के द्वारा विसर्जित किया गया। जहां जहां से चल समारोह निकला था उन स्थानों के अनेक जगहों पर नगर परिषद के द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगवाए गए थे। इसके अलावा ड्रोन के माध्यम से भी जुलूस की निगरानी रखी गई थी। साथ ही लाइट की व्यवस्था,एवं साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रही। वहीं दूसरी ओर मुकरबा मोहल्ला के राधा कृष्ण मंदिर मैदान पर रावण के पुतले का दहन किया गया। भगवान राम ने जैसे ही रावण के पुतले पर तीर चलाया वह धू धू कर जल गया। रावण दहन के महत्व और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया गया। मैदान में मौजूद भीड़ ने जय श्री राम के नारे लगाए। देवी विसर्जन के समय नपा अध्यक्ष ठाकुर हेमेंद्र सिंह, पूर्व विधायक प्रद्युम्न सिंह, एडवोकेट वैभव सिंह, नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, सीएमओ गजेंद्र सिंह, पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी, एमपीईबी के जेई प्रदीप सिंह परिहार, सब इंजीनियर बबली राही, ए एस आई जागेश्वर साहू, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा, ए एस आई मलखान सिंह, सुधांशु चौबे, गजराज सिंह, सद्दू बाबू , गोविंद सेन, रामेश्वर चौधरी , सहित नगर परिषद, राजस्व विभाग, बिजली विभाग के समस्त कर्मचारी एवं नगर के लोग मौजूद रहे।

## देर रात तक चला देवी विसर्जन, अखाड़ों में युवतियों ने हैरतअंगेज करतब



**हटा।** उपकाशी में दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सुनार नदी के नाव घाट पर क्रेन की मदद से 29 एवं घुराघाट पर 9 प्रतिमाएं विसर्जित की गई शेष प्रतिमाएं दूसरे दिन विसर्जन की गई। शाम से अखाड़ों के प्रदर्शन शुरू हुएं जो अपने निर्धारित रुट से समय सीमा में चल रहे थे। जय बजरंग अखाड़ा मढ़ी के बगीचा से प्रारंभ होकर बड़ा बाजार पहुंचा। मुरली मनोहर अखाड़ा अपने मंदिर से प्रारंभ होकर थाना मंदिर चौराहा पहुंचा जहां पर नारी शक्ति ने तलवार लाठी चक्र के एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। कलेही माता अखाड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर अंधियारा बगीचा पहुंचा। अंधियारा बगीचा में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया। रामगोपाल जी अखाड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर रत्न बजरिया से बड़ा बाजार पहुंचा जहां रामगोपाल जी अखाड़े के सदस्यों ने बैंड एवं शस्त्रों का प्रदर्शन किया। नगर सेठानी को कांधों पर रखकर श्रृद्धालु लाए बड़ा बाजार में उनका पूजन किया गया। रामगोपाल जी अखाड़े के साथ आए भगवान राम और लक्ष्मण ने लंका पति रावण से युद्ध किया जहां भगवान राम ने अहंकारी रावण का वध किया जैसे ही रावण दहन हुआ पूरा परिसर जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। इसके साथ ही बालाजी अखाड़ा मंदिर से प्रारंभ होकर राय चौराहा, थाना मंदिर चौराहा होते हुए बस स्टैंड प्रांगण पहुंचा जहां रावण दहन कार्यक्रम किया गया लेकिन नपा ने उचित व्यवस्था नहीं किए जाने से अखाड़े के सदस्यों में रोष देखने को मिला रावण दहन के बाद सुबह बस स्टैंड पर रावण का ढांचा खड़ा मिला। छुट-पुट घटनाओं को छोड़ कर पूरा कार्यक्रम शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व घुराघाट विसर्जन स्थल पर विधुत समस्या सामने आई।यहां पर गजबाबा समिति के सदस्यों ने बताया कि अधिकारी शांति समिति के बैठक में बुलाते हैं सुविधाएं देने की बात करते हैं लेकिन घुराघाट पर पानी विधुत माइक कि व्यवस्था नहीं हुई जो हर बार मांग की जाती है। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई एवं मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों की टीमें जगह जगह तैनात रहीं।

## गुरैया नदी में हुआ प्रतिमाओं का विर्सजन



**तेंदूखेड़ा।** गुरूवार को दशहरा नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। शाम 6 बजे से रिमझिम बारिश के बीच चल समारोह निकला। नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें मातारानी की आकर्षक झांकियों के साथ सजे वाहनों ने नगर भ्रमण किया। दुर्गा समिति के सदस्यों द्वारा सजी हुई झांकियां, बैंड-बाजे, डीजे और भक्तिमय वातावरण ने पूरे नगर को धार्मिक रंग में रंग दिया। आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए नगर पहुंचे। शोभायात्रा में श्रीराम भक्त केवट अखाड़ा व बजरंग अखाड़ा के कलाकारों ने अपने हैरत अंगेज कारनामों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए शोभायात्रा निर्धारित क्रम में पुलिस थाना के सामने गल्ला मंडी मैदान में पहुंचकर एकत्रित हुई, जहां सभी 20 से अधिक प्रतिमाएं सम्मिलित हुईं। शोभायात्रा के उपरांत सभी झांकियां अपने-अपने स्थानों पर लौट गईं और चल समारोह का विधिवत समापन हुआ। रात्रि में जिला सहकारी बैंक परिसर में रामलीला का भावपूर्ण मंचन किया गया, वहीं कई जगह जगराता कार्यक्रम हुआ जिसमें भजन कीर्तन नाटक का मंचन भी किया गया। सुबह चार बजे से गुरैया नदी के तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं आरती के पश्चात माता रानी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ देवी प्रतिमाओं को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आने का आमंत्रण दिया। चल समारोह के दौरान नगर में एक दर्जन से अधिक भंडारे आयोजित किए गए। जिसमें सभी देवी भक्तों एवं ग्राम से आएं लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी द्वारा नगर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए गए जिसमें थाना प्रभारी द्वारा स्वयंसेवकों की भी मदद ली साथ वन अमले का भी सहयोग रहा जहां शांतिपूर्ण चल समारोह संपन्ना हुआ।इस दौरान नगरीय प्रशासन, पुलिस विभाग एवं दुर्गा समितियों के समन्वय से कार्यक्रम शांति और व्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## तेजगढ़ में हर्षोल्लास से निकाला चल समारोह



**तेजगढ़।** थाना रेंज कोऑपरेटिव बैंक ग्राम हर्रई की मां देवी जी को विधि विधान से पूजा आचरण कर श्रद्धालु ग्राम वासियों ने ढोल नगाड़े डीजे की गूंज के साथ ग्राम के मुख्य मार्ग से से होते हुए तेजगढ़ बस स्टैंड चौराहा पर पहुंचे जहां पर अखाड़े के बालक बालिकाओं ने शेर नाच दिखाया और लाठी चक्र घूममाकर दाव पेच भी दिखाएं। जन समूह ने खेलकूद अखाड़े के युवाओं की सराहना की। इस अवसर पर मंत्री जी के अनुज सत्येंद्र सिह लोधी मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह लोधी अध्यक्ष हीरा सिंह ठाकुर वन परीक्षैत्र अधिकारी नीरज पांडे, थाना प्रभारी अरविंद सिह लोधी, अनिल विश्वकर्मा, अनेकों ग्रामों के जनप्रतिनिधि गणमान्य व्यक्ति और समूह उपस्थित रहा। मध्य प्रदेश शासन के मंत्री धर्मेंद्र सिह लोधी लगभग रात्रि 11:30 बजे को ग्राम हर्रई पहुंचे और माता जी को श्री फल चढाकर और दर्शन कर मां दुर्गा जी का आशीर्वाद लिया। और मंच से ग्राम वासियों को विजय दशमी की शुभकामनाएं दी। ग्राम वासियों की मांग पर मंदिर प्रांगढ मे टीन सेट बनवाने की बात कही।

## नगर में देवी जी विसर्जन शांतिपूर्वक संपन्न



**पथरिया।** नगर में नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि की धूम धाम रही वही गुरुवार को देवी विसर्जन का सिलसिला दोपहर से प्रारंभ हो गया है जो रात्रि तक चलेगा। नगर के बड़े तालाब में विसर्जन होगी देवीजी की प्रतिमाएं। शहर के चौराहा तिराहों और भी तालाबों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पथरिया प्रशासन व्यवस्था में एसडीएम निकेत चौरसिया, एसडीओपी प्रिया सिंधी,टीआई अमित मिश्रा सहित पुलिस बल व्यवस्था में रही।

## धूमधाम से कुम्हारी ग्राम में विसर्जन



कुम्हारी। कुम्हारी ग्राम में प्रतिमाओं का विसर्जन मुख्य रूप से गांव के तालाब में किया गया। किसी ने नाच गाने के साथ तो किसी की आंखों में नमी दिखाई पड़ी। श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमाओं को विसर्जित किया। विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस बल तैनात है। कुम्हारी थाना प्रभारी ब्रजेश पांडे और आरक्षक आशीष सिंह और पुलिस बल के नेतृत्व में पुलिसकर्मी सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। विसर्जन से पूर्व विभिन्न गांवों से शोभायात्राएं निकाली जा रही हैं। इन शोभायात्राओं में रंग-गुलाल उड़ाया जा रहा है और ढोल-नगाड़ों व डीजे की धुन पर श्रद्धालु झूमते रह। साथ ही पुलिसकर्मी यातायात व्यवस्था संभालने के साथ-साथ पैदल शोभायात्राओं में भी मौजूद हैं। कुम्हारी गांव में पहले गांव के तालाब से विसर्जन का कार्य शुरू किया इसके अतिरिक्त, व्यारमा नदी सहित कई अन्य स्थानों पर भी माता की प्रतिमाएं विसर्जित की गई ।

## नरसिंहगढ़ में सुनार नदी में किया गया प्रतिमाओं का विसर्जन



**नरसिंहगढ़।** नरसिंहगढ़ ग्राम में 6 स्थानों पर देवी जी विराजमान थीं। नवरात्रि में धार्मिक कार्यक्रम देवी गीतों के साथ 9 दिन चला। इसके साथ ही सीमेंट फैक्ट्री और वृंदावन गार्डन में देवी जी विराजमान की गईं, जो 1982 से लगातार हो रहा है। नरसिंहगढ़ ग्राम में किला वाली माता लगभग 30 वर्षों से अधिक समय से देवी जी विराजमान की जा रही हैं। स्वर्गीय पंडित गुड्डा बिदौलिया पूर्व सरपंच द्वारा यहां पर देवी जी विराजमान कराई जाती थी, जो आज उनके परिवार के द्वारा देवी जी विराजमान करवाए जा रहे हैं। पंडित राजेंद्र बिदौलिया द्वारा सहयोग किया जा रहा है। खरेड़ा मोहल्ला में लगातार 29 वर्षों से देवी जी विराजमान की जा रही है। ग्वाल मोहल्ले में मुस्लिम भाईयों का सहयोग रहता है, जहां पर मिल-जुलकर हिंदू-मुस्लिम परिवार देवी जी विराजमान करवाते हैं। बाजार मोहल्ला, एमपीबी कॉलोनी, मुकेश पटेल के पास, चार नंबर वार्ड में देवी जी विसर्जन के बाद रावण दहन किया गया। राम भगवान की झांकी बनाकर भव्य शोभायात्रा निकालकर रावण का अंत किया गया। नरसिंहगढ़ में बड़ी ही शांतिपूर्ण तरीके से यह आयोजन हुआ। सीमेंट फैक्ट्री नरसिंहगढ़ द्वारा गार्ड सुरक्षा भेजी गई। पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ अंतर्गत कोटवार की उपस्थिति रही। सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी प्रभारी अभिषेक पटेल और उनकी टीम सक्रिय रही। जो क्षेत्र के सभी गांव में जो पुलिस चौकी के अंतर्गत गांव-गांव में विसर्जन देवी की जा रही है, सभी जगह व्यवस्था बनाई गई। इस मौके पर हल्का पटवारी कोमल सिंह उपस्थित रहे। मंत्री लखन पटेल के पुत्र लकी पटेल सहित सरपंच नरसिंहगढ़ प्रतिनिधि पंडित राजेंद्र बिदौलिया मोटा सरपंच महेंद्र पटेल बड़ागांव सरपंच गोकल सिंह लोधी देवी विसर्जन के समय सम्मिलित रहे।

## नशे के दुष्परिणाम पर पोस्टर बनाये



**दमोह।** 2 अक्टूबर को शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में महात्मा गांधी जी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी पी चौधरी ने सर्वप्रथम दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात उनके सत्य और अहिंसा सिद्धांतों की व्याख्या करते हुए अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर 2 अक्टूबर से मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत छात्राओं ने नशे के दुष्परिणाम पर पोस्टर प्रतियोगिता में नशे की विभीषिका को दर्शाते आकर्षक पोस्टर बनाए। इसके उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य ने सभी के लिए सत्य और अहिंसा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ अवधेश कुमार जैन ने दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए कहा उनका कर्मठ जीवन और विराट व्यक्तित्व दशकों बाद भी हम सबके लिए प्रेरणा है। किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ एन पी नायक, डॉ डीके नेमा, डॉ आर.पी. अहर वाल,डॉ राधा ताम्रकार डॉ.राजेश पौराणिक, डॉ दिनेश पटेल, सहित बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही।

## श्री द्वारकाजी की तीर्थ यात्रा ट्रेन 05 अक्टूबर जायेगी

**दमोह।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत श्री द्वारकाजी की तीर्थ यात्रा रेलगाडी 05 अक्टूबर 2025 को जायेगी और 10 अक्टूबर 2025 को वापस आयेगी। जिला दमोह हेतु 200 सीटें आबंटित की गई हैं। उक्त यात्रा हेतु रेण्डमाईजेशन उपरांत चयनित यात्रियों की सूची जारी कर उन्हें टिकटों का वितरण निकायों के माध्यम से किया जा चुका हैं। इस सबंध में डिप्टी कलेक्टर छोटेगिरी गोस्वामी ने बताया श्री द्वारका जी की तीर्थ यात्रा हेतु रेलगाडी क्रमांक 00131 भारत गौरव ट्रेन का आगमन दमोह रेल्वे स्टेशन पर 05 अक्टूबर 2025 को रात्रि 09:30 बजे होगा तथा 10 मिनिट के हाल्ट उपरांत ट्रेन रात्रि 09:40 बजे प्रस्थान करेगी। उन्होंने तीर्थ यात्रियों से आग्रह करते हुए कहा कि वे यात्रा करते समय सभी आवश्यक वस्तुये अपने साथ अनिवार्य रूप से रखे तथा समय के पूर्व रेल्वे स्टेशन पहुंचने का कष्ट करें ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्मृति सम्मान समारोह संपन्न...

## आजादी की लड़ाई में ज्ञान बाबू का उल्लेखनीय योगदान रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




36 वे स्वर्गीय ज्ञानचंद श्रीवास्तव स्मृति सम्मान समारोह समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र भारत सरकार के सेवानिवृत्ति उप महानिदेशक और चिंतक संजय सिंह थे कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर केदार शेवरे ने की स्थानीय जंक्शन श्रीवास्तव स्मृति महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का शुभारंभ दी प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के द्वारा किया गया सरस्वती वंदना पूर्वा वैद्य जयति श्रीवास्तव और नरेंद्र अरजरिया ने प्रस्तुत की मुख्य अतिथि के मान पत्र का वाचन सचिन गुरू ने किया आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि सिनहा का शाल श्रीफल एवं संमान पत्र द्वारा भावभीना सम्मान किया गया महाविद्यालय शिक्षा से सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉक्टर पीएल जैन और डॉक्टर एमके जैन का ट्रस्ट द्वारा शाल श्रीफल एवं मान पत्र द्वारा सम्मान किया गया। मान पत्र का वाचन एडवोकेट रमेश शुक्ला एवं एडवोकेट दीपक श्रीवास्तव द्वारा किया गया। ट्रस्ट का प्रतिवेदन न्यास के मंत्री पंकज हर्ष ने श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया ज्ञान साहब का परिचय पूर्व विधायक अजय टंडन ने प्रस्तुत करते हुए उन्हें बहुआयामी व्यक्तित्व की संज्ञा दी। दमोह जिले के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में डॉक्टर एनआर राठौर ने अपनी बात रखी कार्यक्रम में 11 से अधिक प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में स्वर्गीय डॉक्टर छविनाथ तिवारी द्वारा रचित कृति आत्मजेता चिंतन से चौतन्य की यात्रा का विमोचन भी किया गया। इसका संपादन कुमारी प्राची तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन सिन्हा ने कार्यक्रम के आयोजन की भूरी भूरी सराहना की और कहां की ज्ञान साहब के व्यक्तित्व से हम सब प्रेरणा ग्रहण करते हैं युगो युगो से महान पुरुष धरा में अवतरित होते हैं उन्होंने 16 वर्ष की उम्र में सेनानी के रूप में अनूठा कार्य कर समाज को प्रेरणा दी यह उनके अनूठे संकल्प का प्रतीक है। वह आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा के गुणों को आत्मसात करते थे यही कारण है आजादी की लड़ाई में ज्ञान बाबू का उल्लेखनीय योगदान रहा है। हमें अपना अपना करने की बजाय समाज के लिए कष्ट सहते हुए कार्य करने की प्रेरणा महापुरुषों से ही मिलती है। मैं पुरूस्कृत विद्यार्थियों से आग्रह करूंगा कि वह अपनी सामर्थ, प्रतिभा और समय का नियोजन समाज के हित में करें तभी हम एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। मनुष्य जीवन के चार सूत्र अपने जीवन को बदल सकते हैं यह है समझदारी, जिम्मेदारी, ईमानदारी और बहादुरी। सारे विश्व में विवेक बुद्धि केवल मनुष्य को प्राप्त है बड़े भाग मानुष तन पाबा, सुर दुर्लभ ग्रंथ सब गाव। हमें सबसे पहले स्वयं के प्रति ईमानदार होना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए उपस्थित सोताओं को रोमांचित कर दिया और कहा कि हमारी सबसे बड़ी लड़ाई हमारी नकारत्मक सोच से है। जब हम अपने मन को निर्मल बनाएंगे तभी पूजा और साधना का उद्देश्य पूरा होगा। हमें अपने जीवन में त्याग, समर्पण और संस्कार परंपरा को आगे बढ़ाना है। डॉक्टर केदार शिवहरे ने अध्यक्षीय उद्बोधन में युवा पीढ़ी को प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजीव अयाची और डॉक्टर आलोक सोनवलकर ने किया। आभार प्रदर्शन पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के द्वारा किया गया।

## कांग्रेस ने मनाई गांधी- शास्त्री जयंती



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि आज के युवाओ को



हमारे महापुरूषो से प्रेरणा लेते हुए उनके बताएं हुए मांर्गो का अनुशरण करना चाहिये। पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि हमे गर्व है कि हम ऐसी पार्टी के कार्यकर्ता है जिन्होनें इस राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागेदारी की। तेजीराम रोहित, संजय चौरसिया, परम यादव, वीरेन्द्र राजपूत, प्रदीप पटेल, कमला निषाद, डीपी पटेल, आशीष पटेल, विक्रम ठाकुर, पप्पू कसोटया, लाखन सिंह, राजा रौतेला, बाबूलाल पटेल, तिलक सींग, शमीम कुरैशी, दिनेश रैकवार, अरविंद अवस्थी, खिल्लू ठाकुर ने भी उन महापुरूषो को नमन करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को हमे उनकी सादगी एवं जीवन में सरल व्यवहार को अपनाना चाहिये। तत्पश्चात समस्त कांग्रेसजनो ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल के नेतृत्व में नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी के परिवारो गौरीशंकर प्यासी, राजू गुप्ता, अनिल घगट के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रीफल शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अमित बुधौल्या, केके अग्रवाल, अभिषेक यादव, वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, मदन सुमन, मुकेश रोहिताश, विजय कर्माकर सहित अनेकों कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

**खबर संक्षेप**

### 4 वर्षीय बच्ची की मौत की जॉच हेतु 4 सदस्यीय समिति गठित

**दमोह।** 29 सितम्बर को कु. मीनाक्षी लोधी उम्र 4 वर्ष 06 माह अज्ञात कीडे.के काटने से जिला चिकित्सालय दमोह में भर्ती हुई थी एवं उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर मृतिका के पिता पूरन सिंह लोधी द्वारा प्रस्तुत शिकायती आवेदन में लगाये गये आरोपों की निष्पक्ष जॉच हेतु 04 सदस्यीय जॉच समिति गठित की गई है इस समिति में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, महिला बाल विकास अधिकारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी, मेडीशन विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय डॉ. विजय पथोरिया को शामिल किया गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने निर्देशित किया है कि जॉच समिति समस्त बिंदुओं की विस्तृत जॉच कर प्रतिवेदन आदेश प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर उनके समक्ष आवश्यक रूप से प्रस्तुत की जाये।

तीन सदस्यी टीम ने खंगाली फाईलें, कुछ फाईलें साथ भी ले गई टीम

# पथरिया नगर परिषद में अनियमितताओं की जांच करने भोपाल से पहुँची टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

नगर परिषद में पूर्व में हुई अनियमितताओं की नगरीय प्रशासन विभाग भोपाल में शिकायतकर्ता प्रीतम पटेल द्वारा नगर परिषद द्वारा की गई जिसमें संचालक स्तर पर गठित की गई तीन सदस्य जाँच दल शुकवार को नगर परिषद कार्यालय पहुंचा । हालांकि जैसे ही टीम पथरिया पहुंची नगर में चर्चाएं होने लगी और हर कोई सोचने लगा कि आखिर किस कारण भोपाल से टीम परिषद में आई वैसे पिछले कई वर्षों से जो फाइलें गायब रही वह आज जाँच टीम के सामने मिल गई जिसको लेकर काफी चर्चा रही। पूर्व में की गई गड़बड़ियों की कार्यालय में बैठकर कुछ फाइलों पर हस्ताक्षर आदि करते हुए भी नजर आए। आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा पथरिया के प्रीतम पटेल की लिखित दस्तावेजी शिकायत पर 29 सितंबर पर 2025 को तीन सदस्य टीम गठित करके 7 दिन में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। दरअसल पथरिया नगर पंचायत में पूर्व अध्यक्षों के दस वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री आवास योजना,स्वच्छ भारत मिशन, विभिन्न निर्माण कार्य,सामग्री खरीदी एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के विनियमितकरण में अनिमितताओं तथा गड़बड़ी किए जाने के गंभीर आरोपों की दस्तावेजी शिकायत पूर्व में भी की जाती रही है। तत्कालीन विधायक श्रीमती रामबाई सिंह के द्वारा भी नगर परिषद कार्यालय में बैठकर अनेक कर्मियों के हजारों रुपए वापस भी करवाए गए थे। लेकिन उस दौरान की गई शिकायतों को बाद में दबा दिया गया था। नगर परिषद में अनियमितताओं की जांच हेतु आयुक्त द्वारा गठित तीन सदस्य टीम का अध्यक्ष हिमांशु भट्ट उप संचालक नगरीय प्रशासन को बनाया गया है, जबकि अरुणेश पचौरी लेखाधिकारी नगरीय प्रशासन भोपाल एवं जेके जैन सहायक यंत्री नगरीय प्रशासन यांत्रिकी प्रकोष्ठ भोपाल को सदस्य बनाया गया है। जांच टीम के द्वारा प्रभारी नगर पालिका अधिकारी रितु पुरोहित को पत्र जारी करके जाँच संबंधी कुछ फाइलें प्राप्त की गई।इस दौरान शिकायतकर्ता प्रीतम पटेल को भी बयान देने के लिए बुलाया गया था लेकिन उन्होंने यह कहते हुए बयान देने से इनकार कर दिया कि उनको जब तक इस संदर्भ में अधिकृत पत्र नहीं दिया जाता तब तक वह बयान नहीं देंगे। इधर जाँच टीम के लंच करने के लिए रेस्ट हाउस पहुँते ही पूर्व अध्यक्ष एवं तत्कालीन लेखापाल व वर्तमान में नगर पालिका रहली व नगर परिषद शाहपुर के प्रभारी सीएमओं बालकिशन पटेल अध्यक्ष के चेंबर में बैठकर कुछ फाइलें देखते हुए नजर आए। इधर शाम को पथरिया से जाँच टीम के वापस लौट जाने व उनके द्वारा कुछ दस्तावेजों को साथ ले जाने जाने की जानकारी सामने आई। वही उक्त जांच के संबंध में पूर्व अध्यक्ष द्वारा शिकायतकर्ता पर भी अपने भाई को नौकरी व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने की बात कही है। वही इस संबंध प्रभारी सीएमओं रितु पुरोहित से संपर्क किया गया तो मोबाइल रिसीव नहीं हुआ। वही इस संबंध में जाँच टीम अध्यक्ष हिमांशु भट्ट का कहना था कि प्राप्त शिकायत पर आयुक्त द्वारा गठित टीम यहां पर दस्तावेज की जांच कर रही है जल्द ही वह अपनी रिपोर्ट आयुक्त को सौंप देगी।

## दबंग उपसरपंच पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**कोरता प्रधान अध्यापक ने एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई सुरक्षा की गुहार**

**जबेरा।** जबेरा पुलिस थाना अंतर्गत कोरता माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक सुख सिंह ठाकुर ने दमोह एसपी कार्यालय पहुंच कर ग्राम के दबंग उपसरपंच दिनेश राय पर जान से मारने की धमकी देने व जातीय अपमान करने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र देकर प्रधान अध्यापक ने सुरक्षा की मांग की है। यदि उनके साथ कोई अनहोनी होती है तो उसका जिम्मेदार उपसरपंच को माना जाये। गौर हो कि शाला में कंप्यूटर कक्ष का ताला तोड़कर उसमें रखी सामग्री ले जाने व अन्य कक्षों में भी उपयोग करने संबंध नामजद शिकायत जबेरा थाना में करने के बाद कोई कार्यवाही न होने से प्रधान अध्यापक हतोत्साहित है। वहीं उपसरपंच ने उन्हे धमकी दे डाली जिससे नामजद शिकायत एमपी कार्यालय में देकर सुरक्षा की मांग की है। शिकायत की प्रतिलिपि कलेक्टर दमोह, अध्यक्ष मानव अधिकार आयोग भोपाल, हरिजन थाना दमोह में देकर कार्यवाही की मांग की है।

## नदी में दो लोगों को बचाने गए युवक की डूबने से मौत



**दमोह।** नदी में देर रात अचानक बाढ़ आ जाने से पुल पार करते समय अचानक ट्रेक्टर ट्राली के फस जाने तथा दो लोगों को बचाने के लिए गए एक युवक की डूबने से मौत हो जाने का दुखद घटना क्रम सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह जिले के कुम्हारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मजदूरों को छोड़कर वापस आ रही एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार दो लोग चील घाट में पडरी नदी के तेज बहाव में फस कर रह गए। जिसकी जानकारी लगते ही गांव के लोग एकत्रित हो गए। गांव के ही राकेश उर्फ गुड्डू यादव ने हिम्मत दिखाई तथा वह ट्रैक्टर ट्राली में फसे लोगों को बचाने के लिए उफनती हुई नदी में कूद गया। लेकिन नदी के तेज नदी के बहाव में उसकी दम टूट गई। बाद में उसे नदी से निकाल कर अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टर ने उसे अमृत घोषित कर दिया। बाद में गुरुवार सुबह एनडीआर एफ की बचाव टीम मौके पर पहुची तथा रेस्क्यू करके नदी में ट्रेक्टर ट्राली में फंसे विनोद रैकवार और जानकी आदिवासी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

कुम्हारी थाना प्रभारी बृजेश पांडे ने घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए बताया कि अचानक बाढ़ आ जाने से ट्रैक्टर ट्राली नदी में फस गई थी जिसमें फसे दो लोगों को सुबह बचा लिया गया लेकिन देर रात इनको बचाने के लिए नदी में उतरी युवक की जान चली गई।

# युवक के हत्यारे तीनों आरोपियों को पुलिस ने चंद घंटों में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



पटेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलखेड़ी में युवक की हत्या के मामलें में पुलिस ने चंद घंटे में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पटेरा क्षेत्र के ग्राम टपरिया बेलखेड़ी में बुधवार की रात पार्टी के दौरान हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया था जिसमें राजू उर्फ अमरसिंह आदिवासी की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के महज चंद घंटों के भीतर ही तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 अक्टूबर की रात अमृत आदिवासी ने अपने साथियों के साथ खेत की टपरिया पर पार्टी रखी थी। इसमें राजू उर्फ अमर सिंह आदिवासी, मानसिंह उर्फ भानसिंह आदिवासी सहित अन्य लोग मौजूद थे। पार्टी के दौरान अमित और राजू के बीच कहासुनी हुई जो बढ़ते-बढ़ते गाली-गलौज और जातिगत अपमान तक पहुंच गई। इसी बीच अमित आदिवासी, मानसिंह लोधी व उनके साथियों ने मिलकर अमर सिंह पर लाठियों से हमला कर दिया। गंभीर चोटों से अमरसिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पटेरा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने अपराध क्रमांक 267/25 धारा 296, 103(1), 3(5) भादंवि तथा एससी/एसटी एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पटेरा सरोज ठाकुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सक्रियता से सभी तीनों आरोपियों भान सिंह, अमित आदिवासी एवं राकेश आदिवासी को चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

उक्त कार्रवाई में एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन, थाना प्रभारी सरोज ठाकुर, उप निरीक्षक संतोष सिंह, उप निरीक्षक मेहताब सिंह , सउनि संजय सिंह,सउनि दिलीप सिंह,स उ नि बलदेव सिंह, प्रधान आरक्षक पूरनलाल, आरक्षक गब्बर सिंह, आरक्षक नितेश, बालमुकुंद, ब्रजेश सहित थाना पटेरा स्टाफ व साइबर सेल दमोह की विशेष भूमिका रही।

## गांधी जयंती पर निकाली वैश्य चेतना रैली



वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की युवा इकाई के द्वारा पूरे प्रदेश में प्रतिवर्ष 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर वैश्य चेतना रैली का आयोजन शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय सुधीर अग्रवाल युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास दादा के नेतृत्व में निकाली जाती है जिसके क्रम में दमोह युवा इकाई के द्वारा भी जिला अध्यक्ष विकास अग्रवाल के नेतृत्व में वैश्य चेतना रैली का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में वैश्य बंधुओ की उपस्थिति रही वैश्य समाज के विभिन्न घटकों के लोग इस रैली में उपस्थित रहे रैली का गुप्ता परिवार सुरेखा ऑटोमोबाइल्स परिवार अग्रवाल एंपोरियम परिवार इटोरिया मेडिकल परिवार कैलाश लाज परिवार शेलार स्मृति न्यास अग्रवाल तरुण मंच वैश्य साहू समाज विकास एजेंसी परिवार व अन्य संगठन द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। रैली के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल के द्वारा रैली को वैश्य झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया रैली मोरगंज गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर स्टेशन चौराहा बस स्टैंड एवरेस्ट लाज घंटाघर पुराना थाना सिटी नल महाकाली चौराहा अग्रसेन चौक धगट चौराहा घंटाघर अस्पताल चौराहा होते हुए कीर्ति स्तंभ में वैश्य चेतना रैली का समापन किया गया जहां स्वल्पाहार के पश्चात रैली का समापन किया गया रैली में मुख्य रूप से संभागीय अध्यक्ष राकेश अग्रवाल संभागीय महामंत्री सुशील गुप्ता जिला प्रभारी पदम इटोरिया जिला अध्यक्ष के सी अग्रवाल संरक्षक गणेश अग्रवाल युवा संभागीय प्रभारी जुगल अग्रवाल युवा अध्यक्ष विकास अग्रवाल नगर अध्यक्ष सत्य प्रकाश असाटी महामंत्री मनीष जैन संगठन मंत्री शिवम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में वैश्य बंधुओ की उपस्थिति रही।

# सड़क किनारे पेड़ पर बैठा देखा तेंदुआ, वन अमला पहुंचा तो जंगल में झाड़ियों में छिपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र के अलावा सामान्य वन परीक्षेत्र के जंगलों में बीते कुछ दिनों से तेंदुए की लगातार उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जिससे आसपास के गांवों में भय और चिंता का माहौल बना हुआ है बुधवार रात करीब 9:15 बजे तेंदूखेड़ा-तारादेही मार्ग पर स्थित बहेरिया गांव के समीप अमहा नामक स्थान पर एक तेंदुआ पेड़ पर बैठा देखा गया। राहगीर रजनीश यादव दरौली द्वारा तेंदुए को देखे जाने की पुष्टि की गई है, जिसके बाद वन विभाग की टीम वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन के नेतृत्व में मौके पर पहुंची तब भी तेंदुआ पेड़ पर ही बैठा मिला, इसके बाद निगरानी शुरू की गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि यह तेंदुआ लगभग साढे तीन वर्ष का है। जबलपुर मार्ग, सैलवाड़ा मार्ग तरफ जो तेंदुए हैं, उनकी उम्र अलग है, जिसके कारण ऐसा लगता है कि तेंदूखेड़ा वन क्षेत्र में इनकी संख्या 4 से 5 के लगभग हो सकती है वन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार यह तेंदुआ अपने ही आवास क्षेत्र में विचरण कर रहा है और अभी तक किसी भी प्रकार की मानव पर हमला करने की घटना सामने नहीं आई है। जंगलों में जाने वाले मवेशियों को शिकार जरूर बनाया है हालांकि, इससे पूर्व भी तेंदुए की उपस्थिति सेलवाड़ा मार्ग, 27 मील दमोह-जबलपुर सीमा और तारादेही मार्ग जैसे क्षेत्रों में दर्ज की जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधि स्पष्ट होती है।

### जंगल के आसपास न जाए मुनादी कराई

तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगल से सटे गांवों में वन विभाग ने मुनादी कराई गई है और लोगों को अकेले जंगल नहीं जाने की सलाह दी जा रही इसके साथ ही अपने मवेशियों घर के अंदर रखने और बांधने की सलाह दी है व रात में अकेले न निकलने लोगों को समझाइश दी गई है क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर तेंदुए का मूवमेंट दिखाई देना और संख्या बढ़ने से वन विभाग द्वारा लगातार नजर रखी जा रही है ।

### बाघों की संख्या बढ़ने से टेरेटरी बदल रहे तेंदुआ

दमोह, सागर और नरसिंहपुर जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में लगातार बाघों की संख्या बढ़ने से तेंदुआ अपनी टेरेटरी बदल रहे हैं। इसलिए इनकी मौजूदगी दमोह जिले के जंगल में देखी जा रही है।

### क्षेत्र में दो साल से नजर आ रहा तेंदूआ

बता दें कि तेन्दूखेड़ा वन परिक्षेत्र का जंगल और टाइगर रिजर्व का जंगल लगा हुआ है साथ ही चारों ओर से तेन्दूखेड़ा क्षेत्र का जंगल कभी घना है और कई गहरी खाई और भरका इस क्षेत्र में है साथ ही बारिश के बाद चारों ओर हरियाली और बड़ी बड़ी झाड़ियां है इस कारण बड़ी संख्या में जंगली जानवर पाए जाते हैं साथ ही 12 महीने पानी के जलस्त्रोत भरे रहते हैं जिसके कारण यह जानवर यहां पर कभी भी दिखाई देने लगते हैं क्षेत्र में बीते 2 सालों से तेंदूआ दिखाई दे रहा है।

### इनका कहना है

इस संबंध में तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी श्रेयांस जैन ने बताया कि बहेरिया, धनगौर और दरौली सहित आसपास के सभी गांवों के निवासियों को बुधवार की रात्रि में ही वन विभाग द्वारा मुनादी कराकर अपील की है कि वे विशेषकर रात्रि के समय खेतों में अकेले न जाएं। पशु चराने वाले ग्रामीणों से भी अनुरोध किया गया है कि वे दिन के उजाले में ही कार्य करें और अत्यधिक सतर्कता बरतें। बच्चों को जंगल की ओर न जाने देने की सख्त सलाह दी गई है।

**श्रेयांश जैन, रेंजर तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र तेन्दूखेड़ा**

## पटेरा में बाइक रैली का आयोजन



**पटेरा।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर तहसील पटेरा में वैश्य युवा इकाई द्वारा वैश्य चेतना बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस बाइक रैली में वैश्य समाज के तहसील अध्यक्ष प्रकाश गुप्ता युवा इकाई अध्यक्ष स्वप्निल सिंघै, दिनेश गुप्ता, राजेंद्र बजाज, महेश जैन शिक्षक, शरद जैन, प्रशांत जैन, स्वतंत्र जैन, पंकज जैन, अतुल चौधरी, सौरभ बजाज, कमलेश साहू, खेमचंद साहू रत्नेश अग्रवाल आदि की उपस्थित रही।

## संच समिति की बैठक का आयोजन

**पटेरा।** संच समिति की बैठक का आयोजन मोहनलाल ताम्रकार की अध्यक्षता मे किया गया। सर्व प्रथम मां सरसवति का पूजन किया गया। पूजन उपरांत सचिव प्रकाश चन्द्र गुप्ता ने नवीन समिति के गठन का प्रस्ताव रखा गया जिसमे समिति अध्यक्ष के पद पर मोहन लाल ताम्रकार सेवानिवृत शिक्षक,उपाध्यक्ष पद पर प्रकाश चन्द्र गुप्ता सेवा निवृत्त शिक्षक, संरक्षक के पद पर नरेंद्र बजाज वरिष्ठ पत्रकार हरिभूमी एवं भरत पटेल शासकीय ठेकेदार को मनोनीत किया गया। समिति के सचिव पद पर देवन्द कुमार जैन एवं चंदन पलीबाल को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। समिति के सदस्य के रूप मे आनंद सिंह,निरन सिंह,मुलाम सिंह,मनोज शुक्ला,दीपक ताम्रकार,श्रीमती संध्या तन्तुवय एवं श्रीमती वन्दना विश्कर्मा को नियुक्त किया गया। अन्त मे आभार संच प्रमुख राजेन्द्र दुबे जी द्वारा माना गया।

# दशक पुराना डेम जमींदोज, नहरें ध्वस्त

## जल संकट से जूझते ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



सिंग्रामपुर क्षेत्र में पाँच दशक पहले बनाए गए रेगुलेटर स्टॉप डेम और नहरें अब पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। कभी यही डेम पाँच गाँवों तक सिंचाई का पानी पहुँचाता था और भू-जलस्तर 40–50 फीट पर स्थिर रहता था, लेकिन देखरेख के अभाव में डेम टूट गया और नहरों का अस्तित्व ही समाप्त हो गया। आज हालात यह हैं कि सिंग्रामपुर, सहसना, रामसलैया, थनेटा और हरदुआ सहित आसपास के गाँवों का गर्मियों में वाटर लेवल 500 फीट तक नीचे चला गया है।

किसान और आमजन की दोहरी मार ग्रामवासियों का कहना है कि पहले चार माह की बारिश से डेम भर जाता था और सालभर पेयजल व सिंचाई की समस्या नहीं होती थी। अब स्थिति इतनी खराब है कि सरकारी बोरवेल 500 फीट खुदवाने के बाद भी सूखे पड़े हैं। नहरों के टूटने से खेतों तक पानी नहीं पहुँच पा रहा, जिससे किसान फसल संकट से जूझ रहे हैं और आमजन आठ माह तक जल संकट सहने को मजबूर हैं।

### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन

2 अक्टूबर को सिंग्रामपुर पहुँचे दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर रेगुलेटर डेम और नहरों के पुनर्निर्माण की मांग रखी। यही नहीं, इस मामले में संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री व जबेरा विधायक को भी ज्ञापन सौंपा गया, जिनकी ओर से शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

### दूसरे ही दिन पहुँचे अधिकारी

ज्ञापन सौंपे जाने के अगले ही दिन यानी 3 अक्टूबर को कलेक्टर के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के अधिकारी सिंग्रामपुर पहुँचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त रेगुलेटर डेम और नहरों का निरीक्षण किया, पंचनामा तैयार किया और आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे, जिनमें रमेश राय, गोलू विश्वकर्मा, इंद्र कुमार शुक्ला, अशोक चौधरी और कमोद पटेल प्रमुख रहे।

**ग्रामीणों की उम्मीदें**

ग्रामवासियों का कहना है कि यदि रेगुलेटर डेम और नहरों का पुनर्निर्माण हो जाए तो न केवल भू-जलस्तर सुधरेगा, बल्कि पेयजल और सिंचाई दोनों समस्याओं का स्थायी समाधान हो जाएगा। वर्षों से उपेक्षित यह डेम और नहरें एक बार फिर जीवनदायिनी साबित होंगी।

**पहले भी उठ चुकी है मांग**

यह पहली बार नहीं है जब ग्रामीणों ने आवाज उठाई है। राष्ट्रपति के आगमन, प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक और अब महामही राजपाल के दौरे से पहले भी ज्ञापन सौंपा गया था और आश्वासन मिला था। ग्रामीणों का कहना है कि अब समय आ गया है जब प्रशासन सिर्फ आश्वासन पर नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई पर आगे बढ़े।

# सिंग्रामपुर-सतघटिया जंगल क्रॉसिंग पर कार पलटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



दमोह जिले के जबेरा क्षेत्र में सिंग्रामपुर-सतघटिया जंगल क्रॉसिंग पर सड़क से उतरकर एसबीआई के क्षेत्रीय कृषि क्रेडिट अधिकारी अनिल कोस्टी की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में अधिकारी, उनकी पत्नी और दो बच्चे घायल हो गए। कार इतनी क्षतिग्रस्त हुई कि इसे सुरक्षित निकालने में प्रशासनिक अधिकारियों को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हादसा उस समय हुआ जब अधिकारी राजपाल के 5 अक्टूबर आगमन की तैयारी के लिए स्थल निरीक्षण से लौट रहे थे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी सहित प्रशासनिक अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुँचाया। जबेरा अस्पताल में घायलों का इलाज किया गया। डॉक्टर डी.के. राय ने बताया कि सभी की स्थिति सामान्य है और गंभीर चोटें नहीं आई हैं। इस घटना ने इलाके में सनसनी मचा दी। सोशल मीडिया पर हादसे की तस्वीरें और जानकारी तेजी से वायरल हो रही हैं।

## राज्यपाल के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा



**जबेरा/सिंग्रामपुर।** दमोह जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत जनपद जबेरा के ग्राम चौरई (सिंग्रामपुर) में महान वीरांगना रानी दुर्गावती जी की 502 वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल जी 116 लाख रुपए की लागत से बने आदिवासी समाज के आराध्य बड़ा देव मंदिर परिसर का लोकार्पण करेंगे। जिसकी तैयारियां जोरों से चल रही है तैयारियों का जायजा लेने स्थानीय विधायक मध्यप्रदेश शासन में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी अधिकारियों के साथ पहुंचे। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि मैं बड़ा सौभाग्य हूं कि महान वीर वीरांगनाओं ने मेरी जबेरा विधानसभा में राजधानी बनाई और उन सभी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए मुझे बहुत से अवसर प्राप्त हुए हैं जैसे विगत वर्षो में महिमा राष्ट्रपति जी, कैबिनेट बैठक, मुख्यमंत्री जी का आगमन जैसे विभिन्न बड़े कार्य किये है और अब महा महामहिम राज्यपाल जी भी विधानसभा के एक छोटे से ग्राम पधार रहे हैं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जी, एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी जी, जिला सीईओ फुलपगारे,एडिशनल एसपी सुजीत भदौरिया, तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरव गंधर्व एसडीओपी देवी सींग, तहसीलदार सोनम पांडे विवेक व्यास,जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, मनीष बागरी,जबेरा थाना प्रभारी विकास चौहान सहित प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति बैजंती सेन पति श्री कालूराम सेन वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 44 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 44 वार्ड क्रमांक 03 श्री महेन्द्र ताम्रकार पिता श्री नारायण ताम्रकार का नाम दर्ज चला आ रहा है।उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 03/10/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**